कार्यालय जनपद न्यायाधीश, अम्बेडकर नगर।

प्रकीर्ण आदेश संख्या- 10 /2025

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु जारी कैलेण्डर वर्ष-2025 के टिप्पणी सं०-03 एवं 07 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में कार्यालय जिलाधिकारी, अम्बेडकर नगर द्वारा प्राप्त कराये गये कैलेण्डर-2025 के अनुक्रम में जिलाधिकारी, अम्बेडकर नगर से विचार-विमर्श उपरान्त जनपद न्यायालय, अम्बेडकर नगर में निम्नलिखित तिथियों को पाँच स्थानीय अवकाश एवं अतिरिक्त अवकाश घोषित किये जाते हैः-

अवकाश का दिनांक व दिन	त्यौहारों का नाम
1. 14.01.2025 (मंगलवार)	स्थानीय अवकाश (मकर संक्रान्ति)
2. 15.03.2025 (शनिवार)	अतिरिक्त अवकाश (गणतंत्र दिवस दिनांक-26.01.2025, दिन रविवार को पड़ने के एवज में)
3. 05.04.2025 (शनिवार)	अतिरिक्त अवकाश (रामनवमी अवकाश दिनांक-06.04.2025, दिन रविवार को पड़ने के एवज में)
4. 14.08.2025 (गुरुवार)	स्थानीय अवकाश (*चेहल्लुम)
5. 05.09.2025 (शुक्रवार)	स्थानीय अवकाश (*ईद-ए-मिलाद/बारावफात)
6. 01.10.2025 (बुधवार)	अतिरिक्त अवकाश(मोहर्रम अवकाश दिनांक 06.07.2025, दिन रविवार को पड़ने के एवज में)
7. 22.10.2025 (बुधवार)	स्थानीय अवकाश (गोवर्धन पूजा)
8. 23.10.2025 (गुरूवार)	स्थानीय अवकाश (भैयादूज)

अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु जारी कैलेण्डर वर्ष-2025 के टिप्पणी सं०-01 के अनुपालन में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में निर्धारित तारांकित (*) तिथियाँ स्थानीय चंद्र दर्शन के अनुसार पुनः निर्धारित की जा सकती हैं।

कैलेण्डर वर्ष-2025 के अनुपालन में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में निर्धारित तारांकित (*) अवकाश **ईद-उल-फित्र (दिनांक-31.03.2025, सोमवार), ईद-उल-जुहा (दिनांक-07.06.2025, शनिवार)** तथा इस अधिष्ठान में घोषित स्थनीय अवकाश **चेहल्लुम (14.08.2025 गुरुवार)** एवं ***ईद-ए-मिलाद/बारावफात (05.09.2025 शुक्रवार)** स्थानीय चंद्र दर्शन के अनुसार यदि रविवार अथवा द्वितीय शनिवार को मनाया जाता है तो इसके एवज में तत्समय अतिरिक्त अवकाश घोषित किया जायेगा।

अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जारी कैलेण्डर वर्ष-2025 के टिप्पणी सं०-04 के अनुक्रम में **दिनांक 28.03.2025, शुक्रवार को रमजान के अंतिम शुक्रवार के उपलक्ष्य में केवल मुसलमानों के लिए निर्बन्धित अवकाश रहेगा।**

अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जारी कैलेण्डर वर्ष-2025 के टिप्पणी सं०-05 के अनुक्रम में **दिनांक 18.04.2025, शुक्रवार को गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में केवल ईसाइयों के लिए निर्बन्धित अवकाश रहेगा।**

सभी सम्बन्धित सूचित हों।

RSingh

दिनांक-03 जनवरी, 2025

जनपद न्यायाधीश
अम्बेडकरनगर।